# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय आदर्श महाविद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कोरबा जिला–कोरबा(छ0ग0)

मो. नं. – 94255–47200

पत्र क्रमांक/ 13 / स्था./2022/कोरबा, दिनांक 29-09-22

## !! अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन !!

अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक 563/126/आउशि/राज.स्था/2022 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 08.09.2022 के अनुसार **शासकीय आदर्श महाविद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)** कोरबा छ.ग. अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन कार्य करने हेतु सक्षम अतिथि व्याख्याता हेतु निम्नलिखित विषयों में आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 10.10.2022 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन केवल डाक द्वारा अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) ही मान्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

योग्यताः– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित मापदण्ड।

| कमांक | विषय | पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | भौतिक शास्त्र | 01 |
| 02 | रसायन शास्त्र | 01 |
| 03 | वनस्पति शास्त्र | 01 |
| 04 | जीवविज्ञान | 01 |
| 05 | गणित | 01 |
| 06 | अर्थशास्त्र | 01 |
| 07 | राजनीति शास्त्र | 01 |
| 08 | इतिहास | 01 |
| 09 | हिन्दी | 01 |
| 10 | अंग्रेजी | 01 |
| 11 | वाणिज्य | 02 |

शर्त :–

1. अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन के लिए सक्षम/इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2. अभ्यर्थियों द्वारा अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन किये जाने का स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
3. आवेदन के साथ 10वीं, 12, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एमफिल/पी.एचडी., अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. दिनांक 10.10.2022 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुकम सूची में शामिल किया जावेगा। ईमेल/ऑनलाईन आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।

29.9.2022

प्राचार्य,
शासकीय आदर्श महाविद्यालय
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

5. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर मेरिट राज्य शासन के नियमानुसार ही तैयार की जावेगी।
6. प्राप्त आवेदनों की अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन तिथि 12.10.2022 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा।
7. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 14.10.2022 तक होगी।
8. अंतिम सूची व प्रकाशन 15.10.2022 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेवसाईड अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
9. अंतिम गुणानुक्रम सूची को राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति की ओर प्रेषित किया जावेगा।
10. राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण हेतु आवेदकों की लिखित एवं अंग्रेजी भाषा में शिक्षण कौशल संबंधी परीक्षा ली जावेगी। अभ्यर्थी को दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ते की पात्रता नहीं होगी।
11. राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा परीक्षा उपरांत **उपयुक्त/अनुपयुक्त** आवेदकों की सूची महाविद्यालयों को प्रेषित की जावेगी।
12. महाविद्यालय स्तर पर **उपयुक्त** आवेदकों की वरियता सूची उच्च शिक्षा विभाग के निदेशानुसार तैयार कर अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित किया जावेगा, जिसका प्रकाशन वेवसाईट में अपलोड किया जावेगा एवं सूचना पटल में उपलब्ध रहेगा इस वरीयता सूची पर किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।
13. आमंत्रित अतिथि व्याख्याता को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही किसी अन्य शासकीय/ अर्धशासकीय सेवा में नहीं है।
14. अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
15. प्रति व्याख्यान 300/– रू (अधिकतम 1200.00 एक हजार दो सौ रू. प्रतिदिन) की दर से मानदेय होगा। जो प्रतिमाह 31200.00 (इकतीस हजार दो सौ) से अधिक नहीं होगा। प्रति व्याख्यान 40/45 मिनट का अध्यापन किया जावेगा।
16. चयन प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि में जिन संकाय/ विषय में प्रवेशित छात्र संख्या शून्य रहती है तो ऐसे विषय/ संकाय में चयनित उम्मीदवार को अध्यापन हेतु आमंत्रित नहीं किया जावेगा।
**17.** महाविद्यालय की वेवसाईड **www.gevpgkrb.ac.in**
18. **आवेदक अपना आवेदन प्रभारी प्राचार्य, शासकीय आदर्श महाविद्यालय अंग्रेजी माध्यम कोरबा जिला कोरबा के नाम से लिखेगे।**
19. आवेदक बंद लिफाफे के उपर पता **प्राचार्य, शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा रजगामार रोड** (छ.ग.) पिन कोड.–495677 एवं आवेदित विषय अवश्य लिखे।

Saxena 29.09.2022

**(डॉ. आर. के. सक्सेना)**
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय आदर्श महाविद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)
कोरबा, जिला–कोरबा छ.ग.

पृ. पत्र क्रमांक/ 14 / स्था./2021/कोरबा, दिनांक 29-09-22
प्रतिलिपिः–

01. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक सी द्वितीय एवं तृतीय तल इंद्रावती भवन नवा रायपुर को सूचनार्थ।
02. अपर संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय शासकीय ई.रा.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर को सूचनार्थ।

Saxena

**(डॉ. आर. के. सक्सेना)**
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय आदर्श महाविद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)
कोरबा, जिला–कोरबा छ.ग.